**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**

**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) JUNE, 2026**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

**समय - 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्ण अंक - 90**

## (General Instructions for the Examinees)

**(परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश)**

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका में अपना नाम, रोल नंबर और पंजीकरण संख्या लिखनी चाहिए।

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

पहले 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए आवंटित किए गए हैं।

Answers should be in brief and to the point.

उत्तर संक्षिप्त और सटीक होना चाहिए।

Write correct question no. against each answer.

प्रत्येक उत्तर के सामने सही प्रश्न संख्या लिखें।

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

संक्षिप्त और सटीक उत्तरों के लिए विशेष अंक दिए जाएंगे।

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

वर्तनी की गलतियों, अव्यवस्थित लिखावट और खराब हस्तलेख के लिए अंक काटे जाएंगे।

In the right side the marks of questions are given.

दाईं ओर प्रश्न के अंक दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई 16): 1×16=16

(i) कबीर की भाषा को किस नाम से पुकारा जाता है?

(a) पंजाबी-राजस्थानी (b) अरबी-फारसी

(c) पंचमेल खिचड़ी (d) अवधी-ब्रज

(ii) ध्वनि कविता के कवि किस तरह की कलियों पर अपना हाथ फेरना चाहते हैं?

(a) पुष्पित (b) स्वप्निल

(c) मुद्रित (d) निद्रित

(iii) तुलसीदास भक्तिकाल के कौन-सी शाखा के प्रमुख कवि माने जाते हैं?

(a) ज्ञानाश्रयी (b) प्रेमाश्रयी

(c) रामभक्ति (d) कृष्णभक्ति

(iv) कुमति में उलझे व्यक्ति की स्थिति कैसी होती है?

(a) हींग जैसी (b) कपूर जैसी

(c) गुलाब जैसी (d) इत्र जैसी

(v) कवि निराला जीवन से निराश लोगों को क्या देना चाहते हैं?

(a) नया जन्म (b) सांत्वना

(c) उत्साह और उल्लास (d) कुछ नहीं

(vi) 'पहचान, इसमें कहाँ तू है'—इस पंक्ति में 'तू' कह कर किसे संबोधित किया गया है?

(a) धृतराष्ट्र को (b) सकुनि को

(c) कृष्ण को (d) दुर्योधन को

(vii) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है?

(a) लघु मानव का (b) शक्तिशाली व्यक्ति का

(c) प्रभावशाली व्यक्ति का (d) प्रभावहीन व्यक्ति का

(viii) 'रहमत खाँ' नन्ही मिनी में किसकी छवि देखता था?

(a) अपनी बहन की (b) अपनी बेटी की

(c) अपनी माँ की (d) अपनी बुआ की

(ix) 'एक प्लेट सैलाब' पुस्तक की रचनाकार हैं—

(a) अमृता प्रीतम (b) शिवानी

(c) कृष्णा सोबती (d) मन्नू भंडारी

(x) कुत्ते-सुअर का जीवन कौन जीता है?

(a) शिवनाथ बाबू (b) जमुनालाल

(c) जंगी (d) रजुआ

(xi) बाढ़ आने के पहले लेखक ने मैगजीन कॉर्नर से क्या खरीदा?

(a) योग की किताब (b) हिन्दी-बांग्ला-अंग्रेजी पत्रिकाएँ

(c) हेडली चेज की किताब (d) फ्रेंच सिखानेवाली किताब

(xii) व्यावहारिकता के अभाव में शिक्षा हो जाती है—

(a) विचारहीन (b) विवेकहीन

(c) उद्देश्यहीन (d) लक्ष्यहीन

(xiii) 21 वीं सदी के अन्त तक समुद्र का जलस्तर कितना से॰ मी॰ बढ़ सकता है?

(a) 10 से॰ मी॰ (b) 15 से॰ मी॰

(c) 20 से॰ मी॰ (d) 25 से॰ मी॰

(xiv) गोवर्धन दास ने कितनी मिठाई खरीदी?

(a) साढ़े तीन सेर (b) साढ़े चार सेर

(c) पाँच सेर (d) तीन सेर

(xv) सआदत अली को तख्त पर क्यों बैठाया गया?

(a) ताकि वह अंग्रेजी हुकुमत को पैसे दे (b) अंग्रेजों के डर के कारण

(c) ऐशों आराम के लिए (d) इनमें से कोई नहीं

(xvi) 'मालिक, रामपुर के भजनराम बरई के यहाँ लिखना होगा।'—वक्ता और श्रोता कौन हैं?

(a) लेखक और शिवनाथबाबू (b) रजुआ और शिवनाथबाबू

(c) लड़का और लेखक (d) लेखकपत्नी और लेखक

(xvii) त्रिशंकु कहानी में लेखिका ने किस पात्र के दृष्टिकोण से घटनाओं का चित्रांकन किया है?

(a) तनु की ममी के (b) तनु के पिता के

(c) शेखर के (d) तनु के

(xviii) 'मैं तो यहाँ सौदा बेचने नहीं आता।'—किसने कहा?

(a) लेखक ने (b) सौदागर ने

(c) रहमत ने (d) भोला ने

(xix) कौरवों से पाण्डवों ने कितने गाँव मांगे थे?

(a) चार (b) पाँच

(c) सात (d) आठ

(xx) कबीर के अनुसार ईश्वर कहाँ हैं?

(a) तीर्थों में (b) मंदिर-मस्जिद में

(c) हृदय में (d) कर्मकाण्ड में

*अथवा,*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई 16): 1×16=16

(i) इनमें से कौन-सी रचना तुलसीदास की नहीं है?

(a) रामचरित मानस (b) विनय पत्रिका

(c) बीजक (d) कवितावली

(ii) चिलचिलाती धूप भी चाँदनी कैसे बन जाती है?

(a) मेहनत से (b) प्रेम से

(c) धर्म से (d) आलस्य से

(iii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस धारा के कवि हैं?

(a) प्रयोगवादी (b) जनवादी

(c) प्रगतिवादी (d) नई कविता

(iv) हामिद ने बच्चों पर रौब जमाया—

(a) खिलौनों का (b) चिमटे का

(c) मिठाई का (d) पैसे का

(v) मनुष्य किसे असुन्दर और अपवित्र मानता है?

(a) जीवन (b) मृत्यु

(c) दोनों को (d) कुकर्म को

(vi) 'घर आयी लक्ष्मी का निरादर नहीं कर सकता।'—वक्ता कौन है?

(a) सुरेन्द्र (b) पिता

(c) रोशन (d) भाषी

(vii) मीरा के अनुसार क्या खर्च नहीं हो सकता?

(a) सम्पत्ति (b) रामरतन

(c) पूँजी (d) दौलत

(viii) कुसंगत का असर नहीं पड़ता—

(a) व्यक्ति पर (b) मित्रता पर

(c) समाज पर (d) चंदन पर

(ix) 'रजत स्वर्ण मंजरियों' से किसकी डालियाँ लद आती हैं?

(a) आम की (b) जामुन की

(c) अमरूद की (d) केले की

(x) भिक्षुक भिक्षा पाने के लिए क्या फैलाता है?

(a) थाली (b) हाथ

(c) कटोरी (d) झोली

(xi) 'बंगाल के शेली' के नाम से किसे पुकारा जाता था?

(a) कवि नजरूल को (b) रवीन्द्रनाथ टैगोर को

(c) शरत्चन्द्र को (d) बंकिमचन्द्र को

(xii) लेखिका महादेवी वर्मा की पालतू बिल्ली का क्या नाम था?

(a) फ्लोरा (b) गोधूली

(c) हेमंती (d) बसंती

(xiii) बाजार में क्या भरा पड़ा है?

(a) विलासिता की सामग्री (b) साज-शृंगार की सामग्री

(c) खेल की सामग्री (d) खाद्य सामग्री

(xiv) 'मेरे मन में गत रात्रि के उस निन्दक मित्र के प्रति मैल नहीं रहा।'—वक्ता किससे कह रहा है?

(a) 'ग' से (b) 'क' से

(c) लेखक से (d) इनमें से कोई नहीं

(xv) रसखान जी मनुष्य रूप में कहाँ रहना चाहते हैं?

(a) ब्रज (b) मथुरा

(c) काशी (d) वृन्दावन

(xvi) 'रासपंचाध्यायी' के रचनाकार कौन हैं?

(a) कबीर (b) तुलसी

(c) रहीम (d) मीरा

(xvii) आकाश के एक गोलार्द्ध में अधिक-से-अधिक कितने तारे देखे जा सकते हैं?

(a) एक हजार (b) तीन हजार

(c) चार हजार (d) छः हजार

(xviii) इनमें से कौन-सी रचना उपेन्द्रनाथ अश्क की नहीं है?

(a) पापी (b) अंजो दीदी

(c) पैंतरे (d) अंडे के छिलके

(xix) रमजान के कितने रोजों के बाद ईद आती है?

(a) 28 (b) 30

(c) 25 (d) 29

(xx) मुद्दतों से कवि दिनेश कुशवाह के सीने में भर गया है—

(a) दुःख (b) प्रसन्नता

(c) मर्म (d) उल्लास

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *आठ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 20–25 शब्दों में): 2×8=16

(i) सतगुरू की महिमा अनंत कैसे है, बताइये।

(ii) अनुरागी चित्त की कौन-सी बात कवि को समझ नहीं आती?

(iii) रहमत को किस अपराध में सजा हुई थी? जेल से छूटने पर वह किससे मिलने गया?

(iv) रजुआ पर किसी का स्थायी अधिकार क्यों नहीं हो सका?

(v) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

(vi) 'साह की पूँजी' का क्या अर्थ है? मनुष्य को इसे किस भांति खर्च करना चाहिए?

(vii) अभिमन्यु के साथ क्या हुआ था, संक्षेप में लिखिए।

(viii) तनु के प्रेम-प्रसंग से ममी खुश हुई या परेशान? क्यों?

(ix) आचार्य विनोबा की दृष्टि में शिक्षा का स्वरूप, शिक्षक और विद्यार्थी का रूप कैसा है?

(x) बकरी के मरने की सजा किस-किस से होती हुई गोवर्धन दास तक पहुँची और क्यों?

*अथवा,*

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *आठ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 20–25 शब्दों में): 2×8=16

(i) 'स्वाहा' और 'स्वधा' के अर्थ लिखें।

(ii) कवि भिक्षुक के हृदय को अमृत से सींचने की बात क्यों कहते हैं?

(iii) सोना अपने अरण्य परिवेश को छोड़कर मानव-समाज में कैसे आ गई?

(iv) हमारी नयी संस्कृति कैसी है?

(v) 'सोओ तुम' से कवि ने किसे और क्यों सोने के लिए कहा है?

(vi) स्वाति नक्षत्र की क्या विशेषता है?

(vii) आकाशगंगा किसे कहते हैं? आकाशगंगा के कुछ उदाहरण दीजिए।

(viii) 'लक्ष्मी का स्वागत' रचना में किस समस्या का चित्र खींचा गया है? उसका उन्मूलन कैसे होगा, संक्षेप में लिखें।

(ix) संतों ने निन्दकों को क्या सलाह दी है?

(x) कवि अपने काया में ही क्या पाना चाहता है और क्यों?

**3.** प्रत्येक खण्ड के किसी *एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5×2+4×2=18

**खण्ड–क (पद्य)**

(i) अभी न होगा मेरा अंत
अभी–अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत –
अभी न होगा मेरा अंत।

(a) पाठ और कवि का नाम लिखिए।

(b) पंक्तियों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए। 2+3=5

(ii) पठित पाठ के आधार पर कबीर की भक्ति–भावना पर प्रकाश डालिए। 5

**खण्ड–ख (कहानी)**

(i) वह भी बाप है, मैं भी बाप हूँ, उसकी पर्वतवासिनी छोटी–सी पार्वती के हाथ की निशानी ने मेरी ही मिनी की याद दिला दी।

(a) उपर्युक्त वाक्य किस संदर्भ में लिखा गया है?

(b) मिनी को वधुवेश में देखकर रहमत की क्या मनोदशा हुई? 2+3=5

(ii) 'जिंदगी और जोंक' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 5

**खण्ड–ग (निबन्ध और रिपोर्ताज)**

(i) "आ रे! कुकुर नहीं, कुकुर नहीं ..... कुकुर को भगाओ!"

(a) प्रस्तुत कथन का संदर्भ बताइए।

(b) वक्ता की इस बात पर श्रोता की प्रतिक्रिया क्या थी? पूरी घटना बताइए। 2+2=4

(ii) 'शिक्षण कर्त्तव्य का, कर्म का आनुषंगिक फल है।'—इस कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 4

**खण्ड–घ (नाटक और एकांकी)**

(i) 'हाय! मैंने गुरूजी का कहना न माना, उसी का यह फल है।'

(a) प्रस्तुत अंश का वक्ता कौन है?

(b) प्रस्तुत अंश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 1+3=4

(ii) 'कारतूस' पाठ के आधार पर वजीर अली की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। 4

*अथवा,*

**3.** प्रत्येक खण्ड के किसी *एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5×2+4×2=18

**खण्ड–क (पद्य)**

(i) सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली ते।
हम–हम करि धन–धाम सँवारे, अंत चले उठि रीते।

(a) 'सहसबाहु' व 'दसबदन' कौन थे?

(b) 'अंत चलि उठि रीते' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2+3=5

(ii) 'प्रार्थना' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए। 5

**खण्ड–ख (कहानी)**

(i) 'बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया।'

(a) पंक्ति के पाठ एवं लेखक का नामोल्लेख कीजिए।

(b) उपर्युक्त गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2+3=5

(ii) सोना के क्रिया–कलापों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 5

**खण्ड–ग (निबन्ध)**

(i) 'आकाश के वृषभ मंडल में रोहिणी तारे के नजदीक कृत्तिका के तारों का एक पुंज है।'

(a) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(b) 'कृत्तिका नक्षत्र' के बारे में पाठ से मिली जानकारी को अपने शब्दों में लिखिए। 2+2=4

(ii) ''व्यंग्य की दृष्टि से 'निन्दा रस' बहुत ही सफल निबंध है।''—इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। 4

## खण्ड-घ (एकांकी)

(i) 'घबराने से काम न चलेगा, सावधानी से उसकी देखभाल करो। शायद ......'

(a) वक्ता किसे और किसकी देखभाल करने को कहता है?

(b) श्रोता के चरित्र की विशेषताएँ बताइए। 2+2=4

(ii) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 4

**4.** निर्देशानुसार किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5×4=20

(i) हिन्दी में अनुवाद : 5

Once there lived two farmers in a village. They were brothers. When the elder brother died, the younger one grew anxious to get hold of his hand. But this was not possible so long as the elder brother's only son, Bhola was alive, so he wanted to remove Bhola from his path. He thought out a plan. He began to send Bhola to collect wood in the forest everyday. He hoped that the boy would be killed by some ferocious animal living in the forest. But Bhola, simple and kind to the animals had made friends with most of the animals living in the forest.

(ii) भाव विस्तार कीजिए– 5

'पराधीन सपनेहुँ सुख नाही'

(iii) कोलकाता में होने वाले 'पुस्तक-मेला' का वर्णन करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। 5

(iv) मुहल्ले में फैल रहे डेंगु के प्रकोप से बचने के लिए नगरपालिका को आवेदन पत्र लिखिए। 5

(v) शहर में होने वाले दुर्घटना पर किसी समाचार पत्र में छपने के लिए प्रतिवेदन लिखिए। 5

(vi) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

परिश्रम का जीवन में बड़ा महत्व है। मानव जीवन की सभी सफलताएँ एवं सार्थकताएँ परिश्रम पर निर्भर करती है। इसीलिए लोग इसे जीवन की पूँजी कहते है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि परिश्रम वह सुनहली कुंजी है जो सौभाग्य का बन्द द्वार खोलती है।

संसार में जितने भी महान पुरूष हुए हैं उनकी महानता का कारण केवल परिश्रम है। इसे कौन अस्वीकार करेगा कि राम, कृष्ण, बुद्ध, गाँधी आदि की सफलता का रहस्य केवल परिश्रम है। परिश्रमी व्यक्ति जीवन के सभी क्षेत्रों में सम्मान पाता है। जो देश आज विश्व में शक्तिशाली बन रहे हैं, समृद्धशाली बन रहे हैं, उसका कारण केवल परिश्रम है।

(a) मानव जीवन की सफलता किस पर निर्भर करती हैं?

(b) 'सुनहली कुंजी' किसे कहा जाता है?

(c) महान पुरूषों की सफलता का रहस्य क्या है?

(d) राम, कृष्ण, बुद्ध आदि को समाज में यह दर्जा कैसे मिला?

(e) उपर्युक्त अवतरण का एक उचित शीर्षक बताइए। 1×5=5

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×5=10

(i) सन्धि विच्छेद कीजिए — सदाचार, दुष्कर्म

(ii) समास विग्रह कीजिए — दशानन, फूल-पत्ता

(iii) प्रत्यय पृथक कीजिए — पियक्कड़, मिठाईवाला

(iv) मुहावरे का अर्थ लिखिए — जी चुराना, नौ-दो ग्यारह होना

(v) लिंग निर्णय कीजिए — दुपट्टा, दही

**6.** किसी *एक* विषय पर निबंध लिखिए (अनधिक 300 शब्द) : 10

(i) स्वस्थ जीवन के लिए योग अनिवार्य

(ii) ए.आई. (AI) का समाज पर प्रभाव

(iii) युवा वर्ग में बढ़ता असंतोष

(iv) समाचार पत्र की महत्ता

———